प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 13.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- संसद पर हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को आज राष्ट्र अर्पित कर रहा है श्रद्धांजलि, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई गणमान्यों ने शहीदों को किया नमन।
- बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर आज गुमला दौरे पर, कई विकास योजनाओं की करेंगे समीक्षा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज से दो दिवसीय संताल परगना के दौरे पर, नई सरकार बनने के बाद पहली बार बाबा वैद्यनाथ धाम में करेंगे पूजा।
- पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों में 18 दिसंबर को जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित करने का दिया निर्देश।
- 16वीं झारखंड राज्य तलवारबाजी प्रतियोगिता का आगाज आज से रांची में, राज्य के विभिन्न जिलों के दो सौ से अधिक प्रतिभागी ले रहे हैं हिस्सा।

******************

राष्ट्र आज उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने 23 साल पहले 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी थी। राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद को आतंकी हमले से बचाने में अपना जीवन बलिदान करने वाले बहादुर कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसदों ने आज संसद भवन में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। इधर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रयागराज के दौरे पर हैं। उन्होंने आज गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम पर पूजा अर्चना की। साथ ही श्री मोदी ने महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण किया और कुंभ मेले की तैयारियों का जायज़ा लिया।

प्रधानमंत्री आज प्रयागराज में साढे पांच हजार करोड रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन अब से कुछ देर में करेंगे। इन परियोजनाओं में दस नये सड़क ओवर ब्रिज और फलाईओवर, स्थायी घाटों और नदी किनारे सड़कों का निर्माण शामिल हैं।

******************

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर आज गुमला दौरे पर हैं। मंत्री आज समाहरणालय सभागार में जिले में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे।

******************

हजारीबाग में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय कैंपेन के माध्यम से टीबी की जांच घर घर होगी। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट टीबी फोरम की बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के जरिये लोगों को इस बीमारी की रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज से दो दिवसीय संताल परगना के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह देवघर, बासुकीनाथ और भोगनाडीह जाएंगे और रात्रि विश्राम पतना स्थित अपने घर में करेंगे। मुख्यमंत्री आज बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। अगले दिन 14 दिसंबर को भोगनाडीह में सिदो–कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्री सोरेन विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे।

******************

मंईया सम्मान योजना कोलेकर बीजेपी ने सत्ता पक्ष पर एक बार फिर निशाना साधा है। बीजेपी के प्रतुल नाथ शाहदेव ने इस योजना के अयोग्य लाभुकों को चिह्नित कर उनसे राशि वसूलने के सरकार के आदेश पर सवाल उठाया है।

इधर कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देना ही सरकार का उद्देश्य है।

******************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


******************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों में 18 दिसंबर को जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश जिलों के एसएसपी और एसपी को दिया है। जिसमें आमलोग पुलिस के एडीजी, आइजी और डीआइजी रैंक के अफसरों के सामने अपनी समस्या रखेंगे।

******************

चाईबासा में उड़ीसा के दो युवकों के अगवा होने की सूचना से खूंटी पुलिस अलर्ट हो गई है। खूँटी में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चाईबासा जिला में ग्रामीणों द्वारा प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के सदस्यों और सहयोगियों को सेंदरा किये जाने की घटना के बाद वे खूंटी में आ सकते हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को चौकसी बढ़ाने का निर्देश दिया है।

******************

रामगढ़ जिले में राहगीरों और फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को ठंढ से बचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है।

******************

राज्य में अगले तीन दिनों तक शीतलहर की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के 10 जिलों में शीतलहरी का प्रकोप रहेगा। इसका असर धनबाद, बोकारो, रामगढ़, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा में देखने को मिलेगा। वहीं उत्तरी पछुआ हवा चलने से कनकनी  और अधिक बढ़ेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 4 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आई है। रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो और चाईबासा में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। सबसे न्यूनतम तापमान गढ़वा में 5 दशमलव .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

******************

16वीं झारखंड राज्य तलवारबाजी प्रतियोगिता आज से रांची के दलादली स्थित आईडियल इंटरनेशनल स्कूल में शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न जिले के दो सौ से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। बता दें कि इस प्रतियोगिता के हर पदक विजेता को झारखंड टीम में स्थान दिया जाएगा।

******************

राष्ट्रीय पैरा तैराकी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांग तैराक जितेंद्र कुमार पटेल को रामगढ़ उपायुक्त ने सम्मानित किया। मौके पर उपायुक्त ने उनका उत्साह बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दी।

******************